No. of Printed Pages : 03 Roll No. ......................

# 28504

## B. Ed. (First Year)

## EXAMINATION, June 2019

## PEDAGOGY OF HINDI

### Group A Course IV & V (Opt. i)

*Time : 3 Hours*] [*Maximum Marks* : 80

**नोट** : प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न चुनते हुए, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्न क्र. **1** अनिवार्य है । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

**1.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : **4×4=16**

(अ) देवनागरी लिपि की विशेषताएँ

(ब) 21वीं शताब्दी में हिन्दी की स्थिति

(स) पाठ-योजना का महत्त्व

(द) गृहकार्य का संशोधन ।

## इकाई I

2. हिन्दी भाषा में पायी जाने वाली अक्षर-विन्यास सम्बन्धी त्रुटियों पर प्रकाश डालते हुए इन्हें दूर करने के उपायों पर चर्चा कीजिए । **16**

**अथवा**

भाषायी कौशलों से आप क्या समझते हैं ? भाषा सम्बन्धी कौशलों का उल्लेख करते हुए प्राथमिक स्तर पर इनके विकास का महत्त्व बताइये । **16**

## इकाई II

3. सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीक के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों का विकास कैसे किया जा सकता है ? विस्तार से प्रकाश डालिए । **16**

**अथवा**

पाठ-योजना से आपका क्या अभिप्राय है ? दैनिक पाठ-योजना का प्रारूप बताते हुए एक दैनिक पाठ-योजना बनाइये । **16**

## इकाई III

4. हिन्दी-शिक्षण में अनुवाद का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसकी प्रशिक्षण विधियों पर विस्तार से लिखिए । **16**

### अथवा

रचना-शिक्षण के प्रकार बताते हुए माध्यमिक स्तर पर रचना-शिक्षण के लिए कौनसी विधियों का प्रयोग करना श्रेयस्कर रहता है, क्यों ? 16

## इकाई IV

5. हिन्दी अध्यापक के गुण एवं कर्त्तव्यों की सारगर्भित चर्चा कीजिए । 16

### अथवा

हिन्दी पाठ्य-पुस्तक की विशेषताएँ बताते हुए हरियाणा में प्रचलित आठवीं कक्षा की हिन्दी पाठ्य-पुस्तक की समीक्षा कीजिए । 16

304

*Roll No.* ...........................

# 17104

# B. Ed. 1st Year (Two Years) Examination – July, 2022

## PEDAGOGY OF HINDI

**Paper : IV & V Gr. A Opt.-I**

*Time : Three Hours ]* *[ Maximum Marks : 80*

*प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।*

***नोट :*** प्रत्येक इकाई से ***एक*** प्रश्न चुनते हुए, कुल ***पाँच*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या 1 ***अनिवार्य*** है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**1.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : $4 \times 4 = 16$

(i) उच्चारण शिक्षण का महत्त्व

(ii) सूक्ष्म शिक्षण कौशलों का विकास

(iii) पद्य शिक्षण का महत्त्व

(iv) मूल्यांकन का अर्थ

## इकाई – I

2. मातृभाषा शिक्षण का महत्त्व बताइए। ब्लूम द्वारा निर्धारित अनुदेशनात्मक उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। 16

3. भाषाई कौशलों से आप क्या समझते हैं ? किन्हीं ***दो*** भाषाई कौशलों का महत्त्व स्पष्ट करते हुए उनका विश्लेषण कीजिए। 16

## इकाई – II

4. पाठ योजना का अर्थ स्पष्ट करते हुए, हिन्दी शिक्षण में इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डालिए तथा पाठ योजना के मुख्य सोपानों का वर्णन कीजिए। 16

5. श्रव्य-दृश्य साधन क्या होते हैं ? भाषा शिक्षण में इसकी महत्ता एवं आवश्यकता पर प्रकाश डालिए। 16

## इकाई – III

6. हिन्दी व्याकरण शिक्षण के क्या उद्देश्य हैं ? हिन्दी व्याकरण शिक्षण की विधियों का विस्तार से वर्णन कीजिए। 16

7. हिन्दी सुलेख शिक्षण की विशेषताओं तथा गुणों पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए तथा इसकी विधियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 16

## इकाई – IV

8. हिन्दी प्रश्न-पत्र निर्माण के क्या सिद्धान्त हैं ? इसका मूल्यांकन एवं संशोधन की प्रक्रिया स्पष्ट कीजिए। 16

9. भाषा शिक्षण में हिन्दी पुस्तकालय की आवश्यकता और महत्त्व पर प्रकाश डालिए। 16

---

Roll No. ..............................

# 17104

# B. Ed. 1st Year (Two Years) Examination – August, 2023

## PEDAGOGY OF HINDI

**Paper : IV & V Gr. A opt.-i**

*Time : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 80*

---

*प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।*

---

***नोट :*** प्रत्येक इकाई से ***एक*** प्रश्न का चयन करते हुए, कुल ***पाँच*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या 1 ***अनिवार्य*** है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**1.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : $4 \times 4 = 16$

(a) भाषाई कौशलों का महत्त्व

(b) उद्दीपन परिवर्तन कौशल

(c) व्याकरण शिक्षण का महत्त्व

(d) हिन्दी शिक्षण में मूल्यांकन का महत्त्व

## इकाई – I

2. बालक के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास में सहायक मातृभाषा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए ब्लूम द्वारा वर्गीकृत अनुदेशनात्मक उद्‌देश्यों का एक प्रारूप तैयार करें। 16

3. मौखिक अभिव्यक्ति कौशल का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके उद्‌देश्य और विकास की विधियाँ समझाइए। 16

## इकाई – II

4. इकाई योजना और दैनिक पाठ योजना में अन्तर स्पष्ट करते हुए दैनिक पाठ योजना के अर्थ एवं महत्त्व पर प्रकाश डालिए। 16

5. हिन्दी शिक्षण में सूचना तकनीकी की उपयोगिता एवं प्रयोग के विषय में लिखिए। 16

## इकाई – III

6. व्याकरण शिक्षण के बिना भाषा शिक्षण अधूरा है, इस कथन के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए व्याकरण शिक्षण की विधियों का वर्णन कीजिए। 16

7. हिन्दी शिक्षण में गृहकार्य का क्या महत्त्व है ? गृहकार्य सम्बन्धी संशोधन प्रक्रिया, तकनीकों एवं विधियों का वर्णन कीजिए। 16

## इकाई – IV

8. अपने प्रदेश में प्रचलित माध्यमिक स्तर की हिन्दी पाठ्य-पुस्तकों के गुण-दोषों की समीक्षा कीजिए। 16

9. मूल्यांकन का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताइए कि आप हिन्दी की विभिन्न विधाओं का मूल्यांकन कैसे करेंगे ? 16

---